दिन– सोमवार दिनांक– 01 / 09 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

निर्वाचन आयोग की ओर से प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची पर दावा और आपत्ति दर्ज कराने का आज अंतिम दिन है। आज सभी मतदान केंद्रों पर दावा–आपत्ति लेने और मतदाता सूची में नये नाम जोड़ने के लिए बीएलओ मौजूद हैं। आयोग की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि एसआईआर के तहत कल तक **दो लाख चालीस हजार आठ सौ इक्यानवे** मतदाताओं ने प्रारूप सूची पर दावा–आपत्ति दर्ज करवाई है। वहीं, राजनीतिक दलों में भाकपा–माले की ओर से **एक सौ अठारह** और राजद की ओर से **दस** दावा–आपत्ति दर्ज कराई गयी है। आयोग के अनुसार अब तक **दो लाख सात हजार पांच सौ पैंसठ** लोगों ने अपने नाम प्रारूप सूची से हटाने के लिए आवेदन किये हैं, जबकि **तैंतीस हजार तीन सौ छब्बीस** मतदाताओं ने अपने नाम शामिल किये जाने को लेकर दावा पेश किया है। विज्ञप्ति के अनुसार मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए **पन्द्रह लाख बत्तीस हजार चार सौ अड़तीस** नये आवेदन भी प्राप्त हुये हैं।

———————————————————————

महागठबंधन की वोटर अधिकार यात्रा का आज अंतिम दिन है। पटना में आयोजित यात्रा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी, अशोक गहलोत, राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव, झारखंड मुक्ति मोर्चा के हेमंत सोरेन, विकासशील इंसान पार्टी प्रमुख मुकेश सहनी और भाकपा माले के दीपंकर भट्टाचार्य समेत विभिन्न घटक दलों के नेता शामिल हो रहे हैं। यह यात्रा गांधी मैदान स्थित गांधी प्रतिमा के पास से शुरू हुई और पटना हाईकोर्ट स्थित डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर की प्रतिमा के पास संपन्न होगी। यात्रा के क्रम में डाकबंगला चौराहे पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने चुनाव आयोग और केन्द्र सरकार पर संवैधानिक और लोकतांत्रिक मूल्यों की अवहेलना का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बिहार में गरीबों और वंचितों को मताधिकार से वंचित करने की

साजिश की जा रही है। इससे पहले सभा को झामुमो के हेमंत सोरेन और वीआईपी के मुकेश सहनी समेत कई अन्य नेताओं ने संबोधित किया।

————————————————————————————————

केन्द्रीय कोयला और खान मंत्री जी. किशन रेड्‌डी ने आज पटना में उच्च स्तरीय विभागीय समीक्षा बैठक की। बैठक में उप मुख्यमंत्री सह खान और भू–तत्व विभाग के मंत्री विजय कुमार सिन्हा तथा केन्द्रीय कोयला और खान राज्य मंत्री सतीश चन्द्र दूबे समेत वरिष्ठ विभागीय पदाधिकारी मौजूद थे। श्री रेड्‌डी का पटना में ईंट उत्पादक संघों के प्रमुखों के साथ बैठक का भी कार्यक्रम है।

————————————————————————————————

एशिया कप हॉकी पुरूष चैंपियनशिप में भारत अंक तालिका में छह अंकों के साथ पहले स्थान पर है। भारत आज अपना अंतिम लीग मैच कजाख्स्तान के साथ खेलेगा। यह मैच आज शाम सात बजकर तीस मिनट पर खेला जाएगा। इसका सीधा प्रसारण आकाशवाणी के पटना केन्द्र से किया जायेगा। इसके चलते आज शाम सात बजकर तीस मिनट से प्रसारित होने वाले प्रादेशिक समाचार का प्रसारण शाम सात बजकर दो मिनट से होगा। वहीं, जिले की हलचल का प्रसारण शाम सात बजकर उन्नीस मिनट से किया जायेगा।

————————————————————————————————

प्रदेश में मॉनसून के कमजोर पड़ने से बारिश की गतिविधियों में कमी आई है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान नालंदा के सिलाव में बासठ दशमलव चार मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि आज राज्य के दक्षिण–पश्चिम हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश का पूर्वानुमान है। इस दौरान कुछ जगहों पर वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गई है। इधर, आज कैमूर जिले के मोहनिया थाना क्षेत्र के कुरई गांव में वज्रपात की चपेट में आने से तीन महिलाओं की मौत हो गई जबकि पांच गंभीर रूप से झुलस गईं। ये सभी खेत में काम कर रही थीं।

————————————————————————————————

समाप्त